Title: Need to set up an airport at Ajmer in Rajasthan.

14.12 hrs.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : सभापति महोदय, राजस्थान की ह्रदयस्थली में बसा अजमेर एक अन्तर्राट्रीय ख्याति का सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक नगर है। अजमेर नगर का शैक्षिक, सांस्कृतिक, पर्यटन की दृटि से भी अत्यधिक महत्व है। विगत वर्ों के आंकड़ों की दृटि से भी पर्यटन की क्षेत्र में अजमेर का जयपुर के बाद राजस्थान में दूसरा स्थान है। सुप्रसिद्ध सूफी संत ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में प्रति वर्ा लाखों जायरीन देश-विदेश से आकर अपनी अकीदत पेश कर पुण्य के भागी बनते हैं। वहीं तीर्थ गुरु पुकर में विश्व के एकमात्र ब्रह्माजी के मंदिर तथा पवित्र पुकर सरोवर में स्नान करने हेतु लाखों तीर्थयात्री आते हैं। वर्तमान में देश-विदेश से आने वाले पर्यटक दिल्ली या जयपुर तक हवाई जहाज से आते हैं। फिर वहां से रेल अथवा सड़क मार्ग द्वारा अजमेर पहुंचते हैं जो अत्यधिक कटप्रद है। हवाई यातायात से उन्हें सुगमता होगी।

अजमेर शिक्षा का सुप्रसिद्ध केन्द्र है। वहां देश-विदेश के बालक-बालिकाएं मेयो कालेज आदि विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत हैं। अजमेर में सीआरपीएफ के दो मुख्यालय हैं जहां अधिकारियों को अविलम्ब देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में जाना पड़ता है।

उपरोक्त सभी कारणों से अजमेर में हवाई अड्डा स्थापित होना अत्यन्त आवश्यक है। अतः भारत सरकार से मेरा अनुरोध है कि अजमेर को हवाई यातायात से जोड़ने हेतु अविलम्ब हवाई अड्डे की स्थापना की जाए।